**दिनांक: 18.01.2025** **समय: 07.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**1-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 10 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।

**2-** प्रधानमंत्री ने सीहोर के मनोहर मेवाड़ा से किया संवाद, स्वामित्व योजना से आये परिवर्तन को जाना।

3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कल भोपाल में फिट इंडिया क्लब का करेंगे लोकार्पण, केंद्रीय खेल मंत्री भी रहेंगे मौजूद।

और

**4-** प्रदेश में अभी और तेज होंगे सर्दी के तेवर, मौसम विभाग के मुताबिक कल सुबह 19 जिलों में रहेगा तेज कोहरा।

**समाचार विस्तार से,**

**प्रधानमंत्री-संपत्ति कार्ड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इसे ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि संपत्ति के उचित दस्तावेज न होना एक बड़ी समस्या है और इस कारण ही विवाद पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन की वजह से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा। श्री मोदी कहा कि पिछले सात से आठ वर्षों में देश में 98 प्रतिशत जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल किए जा चुके हैं।

श्री मोदी ने प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को ई-वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित किए। श्री मोदी ने सीहोर के मनोहर मेवाड़ा से

बात की
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर भी संपत्ति कार्ड कार्यक्रम हुआ, जिसमें केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायकों ने सहभागिता की।

रायसेन के वन परिसर में स्वामित्व योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल शामिल हुए। आगरमालवा जिले के ग्राम तनोड़िया में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिले के प्रभारी नागर सिंह चौहान ने जिले के भूखंड धारकों को संपत्ति कार्ड का वितरण किया गया। योजनान्तर्ग जिले के 290 ग्रामों में 45914 भूखंड धारकों को वितरण किया गया है। दतिया में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कृषि मंत्री इंदल सिंह कंसाना शामिल हुए।

गुना जिले के 794 ग्रामों के अंतर्गत कुल 55,823 आबादी भू-खण्डों का अधिकार अभिलेख तैयार किया जा चुका है। श्योपुर जिले में 5 हजार 241 हितग्राहियों को उनके आवास के ई कागज मिले। खंडवा जिले के 336 गांवों के 1,26,436 सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया गया। रतलाम, नीमच. सतना सहित सभी जिलों में स्वामित्व योजना के कार्यक्रम आयोजित कर कार्ड वितरित किए गए।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वींकडी होगी।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआरन्यूज वेबसाइट और न्यूजऑन ए आई आरमोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आरन्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

**फिट इंडिया क्लब**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल 19 जनवरी को भोपाल में फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में 6 विभागीय खेल अधोसंरचनाओं का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया जायेगा। यह देश का पहला फिट इंडिया क्लब है। इसमें व्यायाम, फिटनेस, खेल गतिविधियां एवं स्वास्थ्य सहित पोषण आहार संबंधी कार्यक्रम होंगे। वॉकिंग ट्रेक, योग एवं मेडिटेशन केन्द्र के साथ ओपन जिम, पारंपरिक खेल जोन, लाइब्रेरी एवं किड्स जोन का प्रावधान भी किया जा रहा है।

**सीएम घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी के धनौरा में कॉलेज खोलने की घोषणा की है। उन्होंने कहा- सिवनी में मेडिकल कॉलेज का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। बरघाट में कांचनामंडी जलाशय में नहर प्रणाली को पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा संजय सरोवर बांध में फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। सिवनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर खेत को पानी, हर हाथ को काम हमारी सरकार के संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि हमने ढाई लाख पदों पर भर्ती की योजना बनाई है। एक लाख पद इसी साल भरेंगे। पीएससी के माध्यम से लघु, मध्यम समेत सभी श्रेणी के पद जल्दी भरे जाएंगे।

**कृषि संवाद**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कर्नाटक के शिमोगा में अन्वेषणा मलनाड स्टार्टअप समिट-2025 में सहभागिता की और समिट को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा ऊर्जा से भरे हैं, उनके पास विजन और अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि एग्रीटेक स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या यह बताती है कि हमारे किसान नई तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जुड़ रहे हैं। वहीं, श्री चौहान ने कहा कि भारत, दुनिया का सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक देश है, कुल सुपारी उत्पादन में 63% भागीदारी हमारी है। लगभग 58 हजार 664 करोड़ रूपए की सुपारी का पिछले साल उत्पादन हुआ था और लगभग 60 लाख किसान, सुपारी उत्पादन के काम में लगे हुए हैं।

**मौसम**

प्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवाओं से ठिठुर गया है। आज टीकमगढ़, अशोकनगर और बड़वानी समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में सुबह कोहरा छाया रहा। सेंधवा में करीब 10 मीटर तो अशोकनगर में 50 मीटर के करीब विजिबिलिटी रही। नर्मदापुरम के हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारे में 4 डिग्री की गिरावट हुई। यहां रात का पारा 6.2 डिग्री और नर्मदापुरम में 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, कड़ाके की ठंड का असर अब और भी बढ़ेगा क्योंकि बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ेगी। अगले 3 दिन प्रदेश में कोहरा छाया रहेगा। विभाग के मुताबिक कल ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया रहेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

1- उप मुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने जिला जेल में खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर विजेता बंदियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये।
2- सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आगरमालवा यातायात पुलिस द्वारा कल तनोड़िया में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया तो वहीं सोयतकलां में जागरूकता के लिए बाईक रैली निकाली।
3- मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें देश के विभिन्न विषय विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का निशुल्क परीक्षण करेंगे।
4- शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 1 लाख 88 हजार 700 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।
5- दमोह कलेक्टर ने सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल को 6 करोड़ से अधिक की राशि अभिभावकों को वापस करने के आदेश दिए हैं।
6- शिवपुरी में पटाका फोड़ने वाली 70 से अधिक मोटरसाइकिल के साइलेंसरों पर आज रोड रोलर चलाया गया।

मुख्य समाचार एक बार फिर,

**1-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 10 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।

**2-** प्रधानमंत्री ने सीहोर के मनोहर मेवाड़ा से किया संवाद, स्वामित्व योजना से आये परिवर्तन को जाना।

3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कल भोपाल में फिट इंडिया क्लब का करेंगे लोकार्पण, केंद्रीय खेल मंत्री भी रहेंगे मौजूद।

और

प्रदेश में अभी और तेज होंगे सर्दी के तेवर, मौसम विभाग के मुताबिक कल सुबह 19 जिलों में रहेगा तेज कोहरा।

--------------------